हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

विशेष सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 147

शुक्रवार, 26 मई, 2017/5 ज्येष्ठ, 1939(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

समय : 11.00 बजे (पूर्वाह्न)

सदन की बैठक 11.00 बजे पूर्वाह्न माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में आरम्भ हुई।

माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणा

आज बारहवीं विधान सभा का विशेष सत्र प्रारम्भ होने जा रहा है। इस विशेष सत्र में भाग लेने के लिए मैं, आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूँ।

इससे पूर्व की आज की कार्यवाही आरम्भ करें मेरा सभा मण्डप में उपस्थित सभी से निवेदन है कि वे राष्ट्रीय गान के लिए अपने-अपने स्थान पर खड़े हो जायें।

(राष्ट्रीय गान गया गया)

<u>शोकोद्‌गारः</u>

निम्नलिखित ने स्वर्गीय श्री कर्ण सिंह, माननीय आयुर्वेद एवं सहकारिता मन्त्री तथा स्वर्गीय श्री मूल राज पाधा, पूर्व सदस्य, हिमाचल प्रदेश विधान सभा के निधन पर शोकोद्‌गार व्यक्त किएः-

1. श्री वीरभद्र सिंह, माननीय मुख्य मन्त्री
2. प्रो0 प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष
3. श्री कौल सिंह ठाकुर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री
4. श्री गुलाब सिंह ठाकुर
5. श्री जी0 एस0 बाली, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री
6. श्री महेश्वर सिंह
7. श्रीमती विद्या स्टोक्स, सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य मंत्री
8. श्री सतपाल सिंह सत्ती
9. श्री कुलदीप कुमार
10. श्री गोबिन्द सिंह ठाकुर
11. श्री राकेश कालिया

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सदन को सूचित किया कि स्वर्गीय श्री कर्ण सिंह, आयुर्वेद एवं सहकारिता मन्त्री व श्री मूलराज पाधा, पूर्व विधायक, हिमाचल प्रदेश विधान सभा के निधन पर जो उल्लेख सदन में प्रस्तुत किए गए हैं, उसमें मैं, भी अपने आप को शामिल करता हूॅं तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करता हूँ; और इस मान्य सदन की भावनाओं को शोक संतप्त परिवारों तक पहुँचा दिया जाएगा।

अब मैं, सभी सदस्यों से निवेदन करूंगा कि वे दिवंगत आत्माओं को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए अपने-अपने स्थान पर कुछ क्षण के लिए मौन खड़े हो जाएं।

(दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए सदन में कुछ क्षण खड़े होकर मौन रखा गया)

तत्पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय ने सदन को अवगत करवाया कि जैसा कि पूर्व परम्परा रही है कि यदि किसी Sitting Member का निधन हो जाए तो सभा की कार्यवाही शोकोद्‌गार के उपरान्त उनके सम्मान में उस दिन के लिए स्थगित कर दी जाती है। अतः यदि सदन की सहमति हो तो दिवंगत आत्माओं के सम्मान में आज की बैठक स्थगित कर दी जाए ?

सहमति दी गई।

अपराह्न 12.07 बजे सदन की बैठक दिवंगत आत्माओं के सम्मान में शनिवार, दिनांक 27 मई, 2017 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक स्थगित हुई।